बी. टी. सी. चतुर्थ सेमेस्टर-2018

अष्टम् प्रश्न-पत्र

शान्ति शिक्षा एवं सतत विकास

समय : 1 घण्टा] [पूर्णांक : 25

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. "लोकतन्त्र शासन वह प्रणाली है जिसमें जनता का शासन, जनता द्वारा और जनता के लिए होता है।" यह कथन है— 1

(अ) रूसो (ब) अब्राहम लिंकन

(स) महात्मा गाँधी (द) कार्ल मार्क्स।

2. योग दर्शन के प्रणेता हैं— 1

(अ) महर्षि कपिल (ब) महर्षि कणाद

(स) महर्षि पतंजलि (द) महर्षि विश्वामित्र।

3. तनाव प्रबन्धन की तकनीक नहीं है— 1

(अ) सामाजिक सरोकार

(ब) व्यायाम करना

(स) परिस्थितियों के साथ सामंजस्य स्थापित करना

(द) सदैव चिन्ताग्रस्त रहना।

4. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? 1

(अ) 26 जनवरी, 1945 (ब) 24 अक्टूबर, 1945

(स) 24 नवम्बर, 1945 (द) 26 दिसम्बर, 1945.

5. अष्टांगिक योग में सम्मिलित नहीं है— 1

(अ) प्राणायाम (ब) आसन

(स) विधि-विधान (द) ध्यान।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. शान्ति शिक्षा से आप क्या समझते हैं ? 1

7. 'व्यक्तित्व' को परिभाषित करते हुए उसका अर्थ समझाइए। 1

8. अवांछित व्यवहार में सुधार हेतु शिक्षक द्वारा अपनायी जाने वाली सकारात्मक रणनीतियाँ कौन-सी हैं ? 1

9. व्यक्तित्व के प्रमुख पाँच गुण कौन-कौन से हैं ? 1

10. राष्ट्रीय एकता के मार्ग में आने वाली प्रमुख बाधाएँ कौन-कौन सी हैं ? 1

11. 'अष्टांग योग' से क्या तात्पर्य है ? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. सतत विकास किसे कहते हैं ? इसकी आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। 2

13. व्यक्तित्व का अर्थ स्पष्ट करते हुए, किसी एक गुण का वर्णन कीजिए। 2

14. बच्चों के चरित्र निर्माण में माता-पिता तथा परिवार के सदस्यों का योगदान बताइए। 2

15. बच्चों के विकास में साथियों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। 2

16. धार्मिक विविधता से पूर्ण भारत में धार्मिक सहिष्णुता क्यों आवश्यक है ? 2

17. बच्चों में अच्छी आदतों के निर्माण में परिवार एवं शिक्षक की भूमिका बताइए। 2

18. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—. 2

(i) लोकतन्त्र के मूलभूत सिद्धान्त।

(ii) व्यवहारवाद में उद्दीपन-अनुक्रिया सम्बन्ध।

●